अनुक्रमांक (अंकों में) / Roll No. (in figures) : ______________ अनुक्रमांक (शब्दों में) / Roll No. (in words) : ______________

[कुल प्रश्नों की संख्या : 24] [Total No. of Questions: 24]
[कुल मुद्रित पृष्ठ : 04] [Total No. of Printed Pages : 04]
[समय : 3.15 घंटे] [Time: 3.15 Hours]
[पूर्णांक : 100] [Maximum Marks : 100]

C1117-140447

# कक्षा 11वीं वार्षिक परीक्षा, 2025–26

# Class 11th Annual Examination, 2025-26

# हिन्दी साहित्य / HINDI LITERATURE

# [ 1117 ]

***सामान्य अनुदेश :***

1) परीक्षार्थी प्रश्न–पत्र के पहले पृष्ठ पर अपना अनुक्रमांक अवश्य लिखें।
2) प्रत्येक प्रश्न के सामने उसका अंक भार अंकित हैं।

***General Instructions :***

1) Candidate must write his/her Roll Number on the first page of the Question Paper.
2) Marks for every question are indicated alongside.

प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

संसार में अमरता ऐसे ही लोगों को मिलती है जो अपने पीछे कुछ आदर्श छोड़ जाते हैं। बहुधा देखा गया है कि ऐसे व्यक्ति सम्पन्न परिवार में बहुत कम पैदा होते हैं। अधिकांश ऐसे लोगों का जन्म मध्यम वर्ग के घरों में या गरीब परिवारों में ही होता है। इस तरह उनका पालन–पोषण साधारण परिवार में होता है और वे सादा–जीवन बिताने के आदी हो जाते हैं।

मनुष्य में विनय, उदारता, सहिष्णुता और साहस आदि चारित्रिक गुणों का विकास अत्यावश्यक है। इन गुणों का प्रभाव उसके जीवन पर पड़ता है। ये गुण व्यक्ति के जीवन को अहंकारहीन और सरल बनाते हैं। सादगी का विचारों से घनिष्ठ सम्बन्ध है। सादा जीवन व्यतीत करना चाहिए और अपने विचारों को उच्च बनाए रखना चाहिए।

व्यक्ति की सच्ची पहचान उसके विचारों और करनी से होती है। मनुष्य के विचार उसके आचरण पर प्रभाव डालते हैं और उसके विवेक को जाग्रत रखते हैं। विवेकशील व्यक्ति ही अपनी आवश्यकताओं को सीमित रखता है। उन्हें अपने ऊपर हावी नहीं होने देता है। सादा जीवन व्यतीत करने वाले व्यक्ति को कभी हतप्रभ होकर अपने आत्म–सम्मान पर आँच नहीं आने देना चाहिए। सादगी मनुष्य के चरित्र का अंग है, वह बाहरी चीज नहीं है। महात्मा गांधी सादा जीवन पसन्द करते थे और हाथ के कते और बुने खद्दर के मामूली वस्त्र पहनते थे, किन्तु अपने उच्च विचारों के कारण वे संसार में वंदनीय हो गए।

प्रश्न –

(क) संसार में अमर कौन हो पाते हैं? (1)
(ख) अमरता पाने वाले का जन्म कैसे परिवार में होता है? (1)
(ग) अमरता पाने वालों को कैसा जीवन बिताने की आदत होती है? (1)
(घ) मनुष्य पर किन गुणों का प्रभाव जीवन–भर पड़ता है? (1)
(ङ) सादा जीवन बिताने की आदत मनुष्य में कैसे पैदा होती है? (1)
(च) मनुष्य को पहचानने के लिए क्या जानना आवश्यक है? (1)
(छ) विवेकशील मनुष्य किस बात का ध्यान रखता है? (1)
(ज) प्रस्तुत गद्यांश का एक उचित शीर्षक लिखिए। (1)

प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए –

भई, सूरज! जरा इस आदमी को जगाओ।
भई, पवन! जरा इस आदमी को हिलाओ।
यह आदमी जो सोया पड़ा है,
जो सच से बेखबर
सपनों में खोया पड़ा है।
भई, पंछी
इसके कानों पर चिल्लाओ!
भई, सूरज! जरा इस आदमी को जगाओ।
वक्त पर जगाओ,
नहीं तो जब बेवक्त जागेगा यह
तो जो आगे निकल गये हैं।
उन्हें पाने, घबरा के भागेगा यह।
भागना अलग है
क्षिप्र गति अलग है
क्षिप्र तो वह है
जो सही क्षण में सजग है।
सूरज इसे जगाओ, पवन इसे हिलाओ।
पंछी इसके कानों पर चिल्लाओ।

(क) कवि किसको जगाना चाहता है? (1)

(ख) कवि आदमी को जगाने के लिए किनसे कह रहा है? (1)

(ग) बेवक्त जागने पर आदमी क्या करेगा? (1)

(घ) सच से बेखबर और सपनों में खोया रहने का क्या तात्पर्य है? (1)

(ङ) भागने और क्षिप्र गति में कवि ने क्या अंतर बताया है? (1)

(च) जीवन में सफल होने के लिए मनुष्य में किस गुण का होना जरूरी है? (1)

(छ) 'भई, सूरज! जरा इस आदमी को जगाओ। भई, पवन! जरा इस आदमी को हिलाओ।' में कौन–सा अलंकार है? (1)

प्र.3 जनसंचार किसे कहते हैं? (2)

प्र.4 जनसंचार माध्यमों के नाम लिखो। (2)

प्र.5 निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 300 शब्दों में निबन्ध लिखो – (5)

(क) हरियालो राजस्थान

(ख) सड़क सुरक्षा – महती आवश्यकता

(ग) एक पेड़ माँ के नाम

(घ) राजस्थान के प्रमुख मंदिर एवं मेले

(ङ) अनुशासन का जीवन में महत्त्व

प्र.6 जिला शिक्षा अधिकारी, चित्तौड़गढ़ की ओर से एक कार्यालयी पत्र प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, कपासन को लिखिए। जिसमें कक्षा 10 के कमजोर विद्यार्थियों को गणित, विज्ञान और अंग्रेजी विषयों के अध्यापन हेतु अतिरिक्त कक्षाओं का प्रावधान सुनिश्चित किया जावें। (5)

**अथवा**

किसी महाविद्यालय के प्राचार्य के नाम लिपिकपद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र लिखिए।

प्र.7 अपने विद्यालय में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह पर एक प्रतिवेदन तैयार कीजिए। (4)

प्र.8 नकलविहीन बोर्ड परीक्षाएं सम्पन्न कराने हेतु निदेशक, शिक्षा निदेशालय, बीकानेर की ओर से राजस्थान के सभी प्रधानाचार्यो को एक परिपत्र लिखो। (4)

प्र.9 व्यवहारिक व्याकरण –

(i) रस के अंगों की संख्या है – (1)

(अ) 2 (ब) 3 (स) 4 (द) 5

(ii) चौपाई छंद में प्रत्येक चरण में पंक्तियां होती हैं – (1)

(अ) 2 (ब) 4 (स) 6 (द) 8

प्र.10 रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए – (1×6=6)

(i) वीर रस का स्थायी भाव.............................................है।

(ii) रस को साहित्य के आचार्यों ने काव्य की.............................................माना है।

(iii) श्रृंगार रस के दो पक्ष हैं, (1) ............................ (2) ............................

(iv) छंद विधान में तीन वर्णों का समूह ............................ कहलाता है।

(v) 'कानन कठिन भयंकर भारी' पंक्ति में ............................ अलंकार है।

(vi) जहाँ उपमेय और उपमान में एकरूपता दिखे, दोनों में अभेद स्थापित हो, तो वहाँ .................. अलंकार होता है।

प्र.11 दोहा छंद की परिभाषा लिखते हुए एक उदाहरण लिखिए। (2)

प्र.12 निम्नलिखित पद्यांश की सप्रसंग व्याख्या लिखिए – (5)

खेलन में वो काको गुसैयाँ।
हरि हारे जीते श्रीदामा, बरबस हीं कत करत रिसैयाँ।
जाति–पाँति हमतैं बड़ नाहीं, नाहीं बसत तुम्हारी छैयाँ।
अति अधिकार जनावत यातै जातैं अधिक तुम्हारैं गैयाँ।

**अथवा**

कोई छींकता तक नहीं
इस डर से
कि मगध की शांति
भंग न हो जाए,
मगध को बनाए रखना है, तो,
मगध में शांति
रहनी ही चाहिए।

प्र.13 निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए – (5)

आजकल सब जगह अँधेरा छाया रहता है। रातें बेहद काली होती हैं। अपना ही हाथ नहीं सूझता। आदमी को रास्ता नहीं दिखता। वह भटक जाता है। उसके पाँव काँटों से बिंध जाते हैं, वह गिरता है और उसके घुटने लहूलुहान हो जाते हैं। उसके आसपास भयानक अँधेरा छा जाता है। शेर चीते चारों तरफ घूम रहे हैं, साँप जमीन पर रेंग रहे हैं। अँधेरा सबको निगल रहा है।

प्र.14 महादेवी वर्मा **अथवा** प्रेमचंद का साहित्यिक परिचय दीजिए। (2)

प्र.15 (i) हामिद की अम्मा का नाम था – (1)
(अ) महमूदा (ब) अमीना (स) रफीका (द) सना

(ii) ज्योतिबा फुले की धर्मपत्नी का नाम था – (1)
(अ) सावित्री (ब) गायत्री (स) उमा (द) सविता

(iii) सूरसागर के रचयिता हैं – (1)
(अ) कबीर (ब) सूर (स) तुलसीदास (द) मीरा

(iv) 'जाग तुझको दूर जाना है' गीत के लेखक हैं – (1)
(अ) प्रेमचंद (ब) महादेवी वर्मा (स) देव (द) नागार्जुन

(v) कबीर की प्रसिद्ध रचना है – (1)
(अ) बीजक (ब) पद्मावत (स) विनय पत्रिका (द) रामायण

(vi) 'गूंगे' कहानी के लेखक हैं – (1)
(अ) प्रेमचंद (ब) रांगेय राघव (स) आलोक धन्वा (द) महादेवी वर्मा

(vii) दरबार छंद में कवि ने अंधा बताया है – (1)
(अ) नट को (ब) सभा को (स) स्वयं को (द) राजा को

(viii) पापों की जननी है – (1)
(अ) अशिक्षा (ब) दरिद्रता (स) स्वार्थ भावना (द) धन लोलुपता

प्र.16 (i) हामिद ने चिमटे की उपयोगिता को सिद्ध करते हुए क्या–क्या तर्क दिए? (2)
(ii) गूंगे ने अपने स्वाभिमानी होने का परिचय किस प्रकार दिया? (2)
(iii) 'दरबार' सवैये में किस प्रकार के वातावरण का वर्णन किया गया है? (2)

प्र.17 'संध्या के बाद' कविता के अनुसार संध्या के समय क्या परिवर्तन होते हैं? (3)

प्र.18 'गूंगा दया या सहानुभूति नहीं चाहता था' – सिद्ध कीजिए। (3)

प्र.19 'जाग तुझको दूर जाना है' कविता का भाव सौन्दर्य लिखो। (4)

प्र.20 भारतवर्ष की उन्नति कैसे हो सकती है? पाठ में आए लेखक के विचारों को स्पष्ट करो। (4)

प्र.21 (i) 'आवारा मसीहा' पाठ के लेखक हैं – (1)
(अ) विष्णु प्रभाकर (ब) प्रेमचंद
(स) मकबूल फिदा हुसैन (द) महादेवी वर्मा

(ii) मकबूल फिदा हुसैन के कक्षाध्यापक थे – (1)
(अ) केशव लाल (ब) मेजर अब्दुल्ला पठान
(स) हकीम अब्बास तैयबजी (द) मौलवी अकबर

(iii) 'आवारा मसीहा' है – (1)
(अ) जीवनी (ब) आत्मकथा
(स) कविता (द) एकांकी

(iv) 'आवारा मसीहा' में शरतचन्द्र के पिता का नाम था – (1)
(अ) अघोरनाथ (ब) मोती लाल
(स) केदारनाथ गंगोपाध्याय (द) बैकुंठनाथ चटोपाध्याय

प्र.22 लेखक ने शरत को रॉबिनहुड के समान दुस्साहसी व परोपकारी क्यों कहा? (2)

प्र.23 मकबूल की खेलकूद में क्या स्थिति थी? (3)

प्र.24 आपको शरत और उसके पिता के स्वभाव में क्या समानताएं दिखाई देती हैं? विस्तार से लिखिए। (4)

---